
नव भारत


4 सूर्य उपासना का शास्त्रीय पक्ष और छठ


5 भारत-ऑस्ट्रेलिया रणनीतिक साझेदारी होगी मजबूत


8 आईआईसीसी रैंकिंग में फिर उठा-पटक


9 बढ़ सकती है महंगाई : शक्तिकांत

# 4 साल बाद ट्रम्प की ऐतिहासिक जीत

## दूसरे विश्वयुद्ध के बाद दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति बनने का डोनाल्ड ने बनाया रिकॉर्ड

**538** में से 277 सीटें रिपब्लिकन को मिलीं | **270** सीटें जरूरी होती हैं बहुमत के लिए | **2016** में ट्रम्प पहली बार बने थे राष्ट्रपति

**वॉशिंगटन, 6 नवम्बर. डोनाल्ड ट्रम्प फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए हैं। उन्हें 50 राज्यों की 538 में से 277 सीटें रिपब्लिकन को मिली हैं, बहुमत के लिए 270 सीटें जरूरी होती हैं. डेमोक्रेटिक पार्टी की कैंडिडेट कमला हैरिस कड़ी टक्कर देने के बावजूद 224 सीटें ही जीत पाईं. ट्रम्प 2016 में पहली बार राष्ट्रपति बने थे और 2020 में जो बाइडेन से हार गए थे. ताजा नतीजों के बाद ट्रम्प दूसरे विश्व युद्ध के बाद पहले राजनेता हैं, जो 4 साल के गैप के बाद दोबारा राष्ट्रपति बनेंगे.**

वहीं, अमेरिकी इतिहास में ट्रम्प पहले लीडर हैं जिन्होंने राष्ट्रपति चुनाव में दो बार महिला उम्मीदवारों को हराया है. अमेरिका में ऐसा सिर्फ दो बार 2016 और 2024 में हुआ है जब वहां महिला राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनी थीं. अमेरिका में राष्ट्रपति पद के साथ संसद के दोनों सदन सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव के भी चुनाव हुए हैं. सीनेट संसद का ऊपरी सदन है. इसकी 100 सीटों में हर राज्य के लिए 2 सीटों की हिस्सेदारी है. इसकी एक तिहाई सीटों पर हर 2 साल में चुनाव होते हैं. इस बार सीनेट की 34 सीटों पर चुनाव हुए. ताजा नतीजों के साथ रिपब्लिकन पार्टी ने 52 सीटें हासिल कर ली हैं, जो बहुमत के बराबर हैं. इससे पहले उसके पास 49 सीटें थीं. अमेरिका में उच्च सदन यानी सीनेट ज्यादा ताकतवर है, क्योंकि इसे महाभियोग और विदेशी समझौतों जैसे अहम मसलों को मंजूर या नामंजूर करने का अधिकार होता है.



### 7 राज्यों के पास होती है सत्ता की चाबी

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों को लेकर कहा जाता है कि 50 राज्यों में से 7 ऐसे स्विंग स्टेट्स हैं जिनके पास सत्ता की चाबी मानी जाती है. व्हाइट हाउस की दौड़ में कौन जीतेगा यह इन सात 'स्विंग राज्यों' के नतीजों पर निर्भर करेगा, जिनमें एरिजोना, जॉर्जिया, मिशिगन, नेवादा, उत्तरी कैरोलिना, पेन्सिल्वेनिया और विस्कॉन्सिन शामिल हैं. इन 7 राज्यों के मूड को समझना आसान नहीं है. इसलिए ही अमेरिका में कहा जाता है कि सभी राजनेताओं का फोकस होता है. इन 7 राज्यों को डोनाल्ड ट्रम्प ने जीत ली हैं.

### पीएम मोदी ने दी बधाई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए डोनाल्ड ट्रंप को जीत की बधाई दी है. पीएम मोदी ने पोस्ट में कहा कि आपकी ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई मेरे दोस्त डोनाल्ड ट्रंप. जैसा कि आप अपने पिछले कार्यकाल की सफलताओं को आगे बढ़ा रहे हैं, मैं भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक तथा रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत करने के लिए हमारे सहयोग को नवीनीकृत करने के लिए उत्सुक हूं. पीएम मोदी ने आगे लिखा कि आइए, मिलकर अपने लोगों की भलाई के लिए और वैश्विक शांति, स्थिरता तथा समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए काम करें.

### अमेरिकी पसंद का सम्मान करता है चीन



चीन के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को दोहराया कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव एक आंतरिक मामला है और वे अमेरिकी लोगों की पसंद का सम्मान करते हैं.

#### प्रासंगिक मामले से निपटेंगे

क्या चीनी नेता शी जिनपिंग निर्वाचित होने पर डोनाल्ड ट्रंप को बधाई संदेश भेजेंगे, उन्होंने कहा हम प्रासंगिक मामलों से सामान्य तरीके से निपटेंगे.

## एशिया की टॉप यूनिवर्सिटीज में दिल्ली की आईआईटी

**नई दिल्ली, 6 नवम्बर.** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली ने आईआईटी बॉम्बे को पछाड़कर क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में भारत में शीर्ष स्थान हासिल किया है। एशिया में टॉप यूनिवर्सिटीज की लिस्ट में आईआईटी दिल्ली 44वें स्थान पर पहुंच है, जबकि आईआईटीबी 48वें स्थान पर खिसक गया। आईआईटी दिल्ली ने पीएचडी वाले स्टाफ सूचक में असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि आईआईटी बॉम्बे शैक्षणिक प्रतिष्ठा (ष्ड्डस्रद्गद्वद्बष् और नियोक्ता प्रतिष्ठा मापदंडों में सर्वश्रेष्ठ बना हुआ है. इसके अलावा, प्रति संकाय शोधपत्रों के मामले में एशिया के शीर्ष पांच विश्वविद्यालयों में से चार भारतीय हैं. अन्ना विश्वविद्यालय ने इस सूचकांक में अपनी छाप छोड़ी और दूसरा स्थान प्राप्त किया. क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में एशिया के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में 6 भारतीय विश्वविद्यालय भी शामिल हैं.दक्षिण एशियाई श्रेणी में शीर्ष 10 विश्वविद्यालयों में 7 भारतीय विश्वविद्यालय शामिल हैं.

## एक नजर में



### आतंकवाद रोधी सम्मेलन को संबोधित करेंगे शाह

नयी दिल्ली. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को यहां राष्ट्रीय जांच एजेन्सी के दो दिवसीय 'आतंकवाद रोधी सम्मेलन-2024' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे. गृह मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि सरकार आतंकवाद के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति पर चलकर इस समस्या को जड़ से उखाड़ फेंकने के प्रति कटिबद्ध है. यह वार्षिक सम्मेलन, राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करने वाले मुद्दों, आतंकवाद का मुकाबला कर रहे सुरक्षाबलों, तकनीकी, कानूनी, फॉरेंसिक विशेषज्ञों और एजेंसियों के बीच आतंकवाद से उत्पन्न खतरों पर विचार-विमर्श के लिए एक समन्वय बिंदु के रूप में उभरा है.

### डिजिटल डाटा सेंटर की रखी आधारशिला

**नयी दिल्ली.** भारतीय तटरक्षक बल के उप महानिदेशक (नीति एवं योजना), महानिरीक्षक आनंद प्रकाश बडोला ने यहां महिपालपुर में प्रोजेक्ट डिजिटल कोस्ट गार्ड (डीसीजी) के टियर- 3 डेटा सेंटर की आधारशिला रखी. तटरक्षक बल ने बुधवार को यहां बताया कि नवीनतम तकनीक से लैस, प्रोजेक्ट डीसीजी का टियर- 3 डेटा सेंटर सभी अनुप्रयोगों और महत्वपूर्ण सूचना प्रौद्योगिकी संसाधनों की निगरानी और प्रशासन के लिए प्रमुख केंद्र के रूप में काम करेगा.

### अनियंत्रित होकर पलटा टेम्पो, 11 की मौत

**कानपुर.** बिल्हौर कटरा राज्य राजमार्ग पर अचानक सामने आए बाइक सवार को बचाने के लिए डीसीएम चालक ने तेज ब्रेक लगाई. इस कारण डीसीएम पूरी सड़क पर बेड़ा हो गया. इस वजह से सवारियों से भरे ऑटो के चालक ने भी अचानक ब्रेक लगाई. इससे ऑटो पलट गया. ऑटो में सवार 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए. एक बाइक सवार भी घायल हुआ है. दो घायलों को मेडिकल कॉलेज हरदोई में भर्ती कराया गया है. एक को लखनऊ रेफर किया गया है.

### भारत-अमेरिका रक्षा क्षेत्र में सहयोग की समीक्षा की

**नयी दिल्ली.** भारत-अमेरिका सैन्य सहयोग समूह (एमसीजी) की 21वीं बैठक में यहां रक्षा क्षेत्र में सहयोग की समीक्षा की गयी. रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि आज यहां संपन्न हुई दो दिन की इस बैठक में क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण आदान-प्रदान, रक्षा औद्योगिक सहयोग और पारंपरिक तथा हाइब्रिड खतरों के लिए तैयारियों को बढ़ावा देने वाले संयुक्त अभ्यासों की प्रगति सहित कई विषयों पर चर्चा की गई.

## 10 लाख तक विद्यार्थी के लिए ऋण

### मोदी कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री विद्या लक्ष्मी योजना को मंजूरी

**नयी दिल्ली 06 नवम्बर (वार्ता) सरकार ने देश के मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री विद्या लक्ष्मी योजना शुरू करने का निर्णय लिया है जिसके तहत छात्रों को दस लाख रुपए तक का ऋण दिया जायेगा.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी दी गयी. सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसलों की बारे में कहा कि इस योजना के लिए वर्ष 2024-25 से 2030-31 के दौरान 3,600 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है और



इस अवधि के दौरान 7 लाख नए छात्रों को इसका लाभ मिलने की उम्मीद है. ऐसे छात्र जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 8 लाख तक है और जो किसी अन्य सरकारी छात्रवृत्ति या ब्याज छूट योजना के तहत लाभ के पात्र नहीं हैं, उन्हें ऋण स्थगन अवधि के दौरान 10 लाख तक के ऋण पर 3 प्रतिशत ब्याज छूट भी प्रदान की जाएगी.

(शेष पेज 6 पर)

### एफसीआई में 10700 करोड़ रुपये का निवेश

केंद्र सरकार सार्वजनिक खरीद के उपक्रम भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने के लिये 10 हजार 700 करोड़ रुपये का निवेश करेगी. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी. सरकार ने फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाया है.

## भोपाल के सीए बीसी जैन के घर ईडी छापा

- कई अहम दस्तावेज जप्त मनी लाड्रिंग की शिकायत
- आधा दर्जन ठिकानों पर दबिश, शाम तक चली जांच

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 6 नवंबर. बुधवार की अल सुबह राजधानी के अरेरा कॉलोनी स्थित एक चार्टर्ड अकाउंटेंट बीसी जैन के घर प्रवर्तन निदेशालय ईडी की टीम ने छापेमारी की है. इस दौरान घर के सदस्यों और बाहरी लोगों को आने-जाने पर रोक लगाई गई.**

जैन के खिलाफ मनी लाड्रिंग की शिकायत मिली थी. जांच के



दौरान अफसरों ने अकाउंट संबंधी अहम दस्तावेज जब्त किए हैं. सूत्रों ने बताया कि देर शाम तक जांच चलती रही.जैन के अरेरा कॉलोनी स्थित 2/ 33 मकान समेत अन्य आधा दर्जन ठिकानों पर भी ईडी और उनके साथ 3 अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर सुबह 6 बजे रेड डाला. सीए जैन के दो मंजिला मकान के बाहर केंद्रीय पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है. वही बाहर मौजूद कुछ अधिकारी कुछ भी कहने से इंकार कर दिया. बीसी जैन की फर्म कई प्रमुख उद्योगपतियों और व्यवसायियों के वित्तीय मामलों का प्रबंधन करती है सूत्रों के अनुसार ईडी के अधिकारियों की टीम उनके घर और अन्य ठिकानों पर भी पहुंच कर दस्तावेजों की जांच-पड़ताल कर रही है. इस दौरान घर में सदस्यों, नौकरों और दूध वाले तक अंदर या बाहर आने नहीं दिया गया.

फिलहाल ईडी और जैन की तरफ से इस छापेमारी को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं हुआ है. बीसी जैन मध्य प्रदेश के प्रमुख चार्टर्ड अकाउंटेंट में से एक हैं. उनकी फर्म बीसीपी जैन एंड कंपनी बड़े कारोबारियों और उद्योगपतियों के लिए वित्तीय सेवाएं प्रदान करती है.

(शेष पेज 6 पर)

## यूपी सरकार को फटकार

### बुलडोजर लेकर रातों-रात घर नहीं तोड़ सकते

**उत्तर प्रदेश, 6 नवम्बर. सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन को लेकर यूपी सरकार को फटकार लगाई है. बुधवार को एक मामले में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा- यह मनमानी है. आप बुलडोजर लेकर रातों-रात घर नहीं तोड़ सकते हैं.**

आप परिवार को घर खाली करने का समय नहीं देते. घर के सामान का क्या? उचित प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए? चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा- आप इस तरह से लोगों के घरों को कैसे ध्वस्त करना शुरू कर सकते हैं? किसी के घर में घुसकर बिना किसी नोटिस के उसे



ध्वस्त करना, यह अराजकता है. कोर्ट ने आगे कहा कि आप केवल ढोल बजाकर लोगों को घर खाली करने और उन्हें गिराने के लिए नहीं कह सकते. कोर्ट ने सरकार को 25 लाख रुपए का मुआवजा देने का निर्देश दिया. दरअसल, यह पूरा मामला 2019 का है. जब महाराजगंज जिले में प्रशासन ने सड़क चौड़ीकरण के लिए कई घरों पर बुलडोजर चलाया था.

## डमी दाखिलों पर शिकंजा

- 21 स्कूलों की संबद्धता रद्द, तो छह की ग्रेडिंग घटाई गई
- राजस्थान और दिल्ली के स्कूलों में किए गए औचक निरीक्षण

**नई दिल्ली, 6 नवम्बर. सीबीएसई ने डमी दाखिलों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्कूलों कई स्कूलों की संबंद्धता रद्द कर दी है। बोर्ड सचिव ने बताया कि ऐसे 21 स्कूलों की संबद्धता रद्द की गई. इसके अलावा, छह स्कूलों की ग्रेडिंग घटाई गई.**

छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए सीबीएसई ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है. डमी दाखिलों पर नकेल कसते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड




(सीबीएसई) ने बुधवार को 21 स्कूलों की संबद्धता वापस ले ली और छह स्कूलों को सीनियर सेकेंडरी से सेकेंडरी स्तर पर डाउनग्रेड कर दिया. अधिकारियों ने बताया कि यह कदम सितंबर में राजस्थान और दिल्ली के स्कूलों में किए गए औचक निरीक्षण के बाद उठाया गया है, जिसमें कई खामियां पाई गई थीं. सीबीएसई सचिव हिमांशु गुप्ता ने कहा, डमी या गैर-उपस्थित प्रवेश की प्रथा स्कूली शिक्षा के मूल उद्देश्य के विपरीत है.

## सरकारी सब्सिडी चिंता का विषय

### आरबीआई गवर्नर बोले- जीडीपी पर पड़ सकता है असर

**नई दिल्ली, 6 नवम्बर. आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को विभिन्न योजनाओं के तहत सरकार की ओर से दी जा रही सब्सिडी पर चिंता जताई. उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्यों का पूंजीगत व्यय बढ़ रहा है, लेकिन उच्च सब्सिडी व्यय चिंता का विषय है.**

दास मुंबई में आयोजित बीएफएसआई शिखर सम्मेलन में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि सब्सिडी व्यय बहुत अधिक है और पहली तिमाही में सरकारी व्यय जीडीपी को नीचे खींच रहा है. गवर्नर ने कहा, सरकारी व्यय में वृद्धि शुरू हो गई है. केंद्र और



राज्यों के राजस्व और पूंजीगत व्यय दोनों में वृद्धि शुरू हो गई है. सब्सिडी व्यय एक मुद्दा बना हुआ है. उन्होंने कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में सरकार की सब्सिडी के लिए भुगतान बढ़ा है. सरकार ने वित्त वर्ष 25 में खाद्य सब्सिडी के लिए 2,05,250 करोड़ रुपये का बजट रखा है. यह 2023-24 के लिए 2,12,332 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान से 3त्न कम है.

सरकार ने रबी सीजन के लिए पोषक तत्व आधारित उर्वरक सब्सिडी के लिए 24,475.53 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया है. अप्रैल-जून तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.7 प्रतिशत बढ़ी, जो आरबीआई के 7.1 प्रतिशत पूर्वानुमान से कम है. 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए जीडीपी अनुमान 29 नवंबर को जारी होंगे. दास ने कहा कि उच्च सब्सिडी व्यय का जीडीपी पर प्रभाव पड़ेगा.

**भविष्यवाणी** वृषभ, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, कुंभ को लाभ

## शुक्र ग्रह के धनु राशि में प्रवेश के ज्योतिषीय परिणाम



प्रो. अज़हर हाशमी
(एस्ट्रोलॉजर व पॉमिस्ट)

गुरुवार, 7.11.24 को सौरमंडल का सबसे चमकीला ग्रह शुक्र (वीनस) धनु राशि (सैजिटेरियस) में प्रवेश करके 02.12.2024 तक विभिन्न व्यक्तियों की राशियों/ प्रदेशों/ देश/दुनिया को ज्योतिषीय संदर्भ में प्रभावित करेगा.

**ख़ास बातें**

1. शुक्र ग्रह वृषभ और तुला राशि का स्वामी है. धनु राशि में प्रविष्ट होकर वृषभ से आठवां और तुला से तीसरा होकर इन दोनों राशियों को पद-प्रतिष्ठा-धन का विशेष लाभ देगा.
2. युवाओं के लिए टेलीविज़न, फ़िल्म, संगीत, कला के क्षेत्र में प्रतिभा-प्रदर्शन के अवसर देगा. रोज़गार मिलेगा.
3. फ़ैशन-डिज़ाइनर व कॉस्मेटिक्स में व्यापार चमकेगा.
4. वृश्चिक, धनु और कुंभ को यश तथा आर्थिक लाभ होगा.
5. महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभाओं के चुनाव परिणाम चौंकाएंगे.
6. कई प्रदेशों और देश में प्राकृतिक आपदाओं की आशंका है.
7. म.प्र. के मुख्यमंत्री और सरकार के लिए शुक्र का धनु प्रवेश अनुकूल है.

**चार्ट-1 (परिणाम)**

| राशियां | परिणाम |
|---|---|
| वृषभ, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, कुंभ | श्रेष्ठतम |
| कर्क, सिंह | श्रेष्ठतर |
| मेष, मिथुन, मीन | श्रेष्ठ |
| मकर | संतोषप्रद |

**चार्ट-2 (लाभ प्रतिशत)**

| राशियां | लाभ प्रतिशत | विशेष लाभ |
|---|---|---|
| वृषभ, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, कुंभ | 90% | धन, मेडल, प्रशंसा, पदोन्नति, संतान से यश,विदेश यात्रा, विवाह |
| कर्क, सिंह | 75% | ऋण मुक्ति, प्रशंसा, वित्त लाभ |
| मेष, मिथुन, मीन | 65% | धन लाभ, मेडल, भूखंड प्राप्ति, सम्मान |
| मकर | 50% | सेहत, तीर्थयात्रा, तनाव मुक्ति |

उल्लेखनीय है कि शुक्र ग्रह दैत्यों का गुरु है और बृहस्पति (जुपिटर) देवताओं का गुरु है यानी दोनों (शुक्र और बृहस्पति) गुरु पद पर हैं इसलिए गुरु पद की गरिमा का ध्यान रखते हुए एक दूसरे के प्रति सम्मान का भाव रखते हैं, जिसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि बृहस्पति की राशि मीन (शेष पेज 6 पर)

## राहुल गांधी नागरिकता विवाद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में जांच शुरू

**नई दिल्ली, 6 नवम्बर. दिल्ली हाईकोर्ट को बुधवार को सूचित किया गया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा जांच शुरू कर दी गई है.**

कर्नाटक से भाजपा सदस्य विग्नेश शिशिर ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है. मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ के समक्ष वर्चुअली विग्नेश शिशिर पेश हुए. पीठ इस मामले में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर जनहित याचिका



पर सुनवाई कर रही थी. उन्होंने कांग्रेस नेता के खिलाफ अपनी शिकायत पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की है. शिशिर ने कहा इस मामले में वे सीबीआई के समक्ष पेश हुए है और इस मामले में बहुत गोपनीय साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं. इस मामले की जांच फिलहाल सीबीआई कर रही है.

## गुस्ताखी माफ

